भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
08.12.2021 के
अतारांकित प्रश्न सं. 1711 का उत्तर

रांची से ऑक्सीजन ट्रेन

1711. श्री संजय सेठ:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) कोरोना महामारी की अवधि के दौरान रांची से कितनी ट्रेनों में ऑक्सीजन पहुँचाया गया एवं इसका ब्यौरा क्या है तथा रांची और झारखंड की इसमें क्या भूमिका रही है;

(ख) सरकार द्वारा रांची लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में यात्री ट्रेन सुविधाओं के विस्तार के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;

(ग) क्या रांची में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विस्टाडोम कोच वाली ट्रेनों के संचालन की कोई योजना है; और

(घ) यदि हां, तो इस संबंध में तय की गई समय-सीमा का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क): कोरोना महामारी काल में ऑक्सीजन ले जाने के लिए रांची स्टेशन से कोई गाड़ी रवाना नहीं हुई। बहरहाल, 2280.14 मीट्रिक टन ऑक्सीजन ले जाने वाले 165 टैंकरों से लदी 49 अदद ऑक्सीजन एक्सप्रेस गाड़ियों को झारखंड से विभिन्न राज्यों में पहुंचाया गया।

(ख): हाल ही में, 18631/18632 रांची-चोपन एक्सप्रेस को दिनांक 01.11.2021 से शुरू किया गया है। इसके अलावा, परिचालनिक व्यवहार्यता, यातायात की मांग और संसाधनों की उपलब्धता आदि के अध्यधीन भारतीय रेल में गाड़ी की शुरुआत करना सतत प्रक्रिया है।

(ग) और (घ): गाड़ियों में विस्टाडोम कोच चलाना, विस्टाडोम कोचों की उपलब्धता, इसकी परिचालनिक व्यवहार्यता, डिब्बों की संख्या की सीमा, गाड़ी की दिन के समय यात्रा और भारतीय रेल के मौजूदा मार्गों पर यात्रियों की मांग जैसे कारकों पर आधारित है। वर्तमान में, रांची क्षेत्र में विस्टाडोम कोच वाली कोई गाड़ी नहीं चल रही है।

****